हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 8 जून 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

युक्तियुक्तकरण निरस्त करने के लिए 10... 14



कलेक्टर को पैरा से बने चित्र को किया भेंट 14



## खबर संक्षेप

### नदी किनारे मिला युवक का शव, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम चौबेल नदी के किनारे कोरर थानांतर्गत ग्राम घोड़दा निवासी 32 वर्षीय लालचंद गावड़े का शव मिला। कोरर निवासी 25 वर्षीय मिथुल गावड़े ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नरहरपुर भाजपा मंडल की नवगठित कार्यकारिणी की आज प्रथम बैठक

**सरोना।** भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए आज रविवार को महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर की अध्यक्षता में दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। पहला कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत का अमृत काल विषय पर और दूसरी ओर नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक होगी। भाजपा नरहरपुर मंडल की हाल ही में गठित कार्यकारिणी की यह पहली औपचारिक बैठक होगी, जिसमें संगठनात्मक दिशा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर पर कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आमाकड़ा निवासी 30 वर्षीय प्रवेश दर्रो को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आमाकड़ा निवासी 29 वर्षीय योगेश कुमार दर्रो ने पुलिस को बताया कि केवटी परसकोट मार्ग पर 5 जून को अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### लापरवाही से चालक की मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सरोना के भालु मोड़ के पास आरोपी कोण्डागांव जिला के विश्रामपुरी निवासी भगवान मरकाम ने अपनी वाहन को 23 फरवरी को दोपहर डेढ़ स्वयं तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका मौत हो गया। स्वयं की लापरवाही के कारण गंभीर चोट आने पर मृतक की मौत होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक भगवान मरकाम के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतागढ़ की कार्यकारणी गठित

**अंतागढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन के सहमति से मंडल अध्यक्ष महेश उईके ने अंतागढ़ भाजपा मंडल की कार्यकारणी गठित की है। कार्यकारिणी में मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, देवलाल दुग्गा, रामकुमार देवांगन, अजंतिन मंडावी, महामंत्री नकुल सेठिया, कल्पना जैन, मंत्री धर्मेंद्र वासनीकर, कुमारी साहू, ज्योति उईके, शंभूनाथ दर्रा, कोषाध्यक्ष भावशंकर सलाम, मीडिया प्रभारी भूपेश ठाकुर, कार्यालय प्रभारी टीकम तुरतुरिया को बनाया गया।

### दो युवक की मौके पर मौत पुलिस ने शुरू की विवेचना

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम भोड़िया मेन रोड में ट्रक की टक्कर से दो लोगो कि मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात ट्रक चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर सीजी 19 बीटी 6070 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे घोड़दा निवासी 27 वर्षीय डायमण्ड गावड़े और घोड़दा निवासी 39 वर्षीय अनिल गावड़े की 5 जून को सुबह साढ़े 9 बजें मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

---

**मांग : खाद्य विभाग की जाँच रिपोर्ट मिलने के उपरांत की जाएगी**

# लाइसेंस के बिना खुले में डीजल को ट्रांसफर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बायपास कांकेर में खुले में डीजल को टैंकर से लौह अयस्क से भरे वाहनों में ट्रांसफर करने के मामले में डीजल विक्रेताओं ने कार्रवाई की माँग की है।

- युवक कांग्रेस सोमवार को करेगा घेराव, दिया गया अल्टीमेटम
- छोटेडोंगर की कंपनी की पर्ची का मामला गहराया

नियमों को ताक में रखकर बिना सुरक्षा इंतजाम के ट्रांसफर करने वालों पर कार्रवाई आज तक नहीं हो पा रही है। माफियाओं को संरक्षण देने वालों के जल्द नाम उजागर हो सकते हैं।

जानकारी के अनुसार 4 जून को कांकेर बायापास में टैंकर से खुलेआम लौह अयस्क से भरे ट्रकों को डीजल ट्रांसफर किया जा रहा था। युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने चक्काजाम कर दिया था। उसके बाद पुलिस, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँचे। टैंकर का स्टाफ भाग गया था। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर तैनात युवक भी माहौल को देखकर नौ दो ग्यारह हो गया था। खाद्य विभाग ने चार वाहनों को जब्ती बनाकर वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इसके उपरांत 5 जून को खाद्य विभाग की टीम कांकेर बायपास में खड़े टैंकर से सैंपल लेने पहुँची। परंतु ट्रैंकर के पास स्टाफ नहीं होने के कारण सैंपल नहीं लिया जा सका। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खड़े ट्रैंकर से सैंपल लिया गया। खाद्य विभाग अपने स्तर पर मामले की जाँच कर रही है। जमीन मालिक और इस व्यवसाय को नियमों को ताक में रखकर चलाने वालों पर कार्रवाई की माँग के लिए आवदेन पुलिस को भी सौंपा गया था।







### पेट्रोल डीजल पंप एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

पेट्रोल डीजल पंप एसोसिएशन ने कांकेर बायपास में बिना लाइसेंस के डीजल देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे में पेट्रोल पंप का संचालन करने वालों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। एसोसिएशन ने कार्रवाई के लिए कलेक्टर के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।



### माइंस के जीएम का नही मिला जवाब

छोटेडोंगर के जीएम आशीष मिश्रा ने कहा था कि जाँच के बाद पता चलेगा। हरिभूमि ने दो दिन बाद जाँच में क्या पाया गया है, इसे जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर काल किया गया। मोबाइइल की घंटी बजती रही, परंतु काल रिसीव नहीं हुआ। काल रिसीव नहीं होने से यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि निको जायसवाल कंपनी की पर्ची लेकर पहुँचे ट्रक चालकों को कांकेर बायपास में खुले स्थल पर डीजल कैसे दिया जा रहा था। निको जायसवाल कंपनी की संलिप्ता किस तरह की है या नहीं है, अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### कार्रवाई नहीं होने पर किया जाएगा घेराव

युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव पंकजराज वाधवानी ने इस मामले में कहा है कि शिकायत और विरोध किए हुए चार दिन हो गए है। अभी तक केवल खाद्य विभाग ने सैंपल लिया है। बिना लाइसेंस के खुले में डीजल को ट्रांसफर करने को लेकर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं किया है। इस मामले में निको जायसवाल छोटेडोंगर प्रबंधन की भी संलिप्ता नजर आ रही है। रविवार तक कार्रवाई नहीं होने पर युवक कांग्रेस के द्वारा सोमवार 9 जून को घेराव किया जाएगा।

### आवेदन मिला है, जांच के लिए भेजा गया

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि हमारी टीम को कांग्रेस के पदाधिकारी एवं ग्रामीण कार्यकर्ताओं के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन दिया गया था। इस प्रकरण की जाँच खाद्य विभाग कांकेर के द्वारा की जा रही है। अतः दिए गए शिकायत आवेदन को खाद्य विभाग को सम्मिलित जाँच के लिए भेजा गया है।

### हाटकोंदल में जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को कच्चे पुलिस ने पकड़ा, नकद जब्त

**भानुप्रतापपुर।** कच्चे चौकी के ग्राम हाटकोंदल में जुआ खेल रहे चार जुआरियों को खबर मिलने पर मौके पर पहुँची कच्चे चौकी पुलिस ने दबोचा लिया। पुलिस ने चारों जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत कच्चे चौकी पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ लोग ग्राम हाटकोंदल बालक आश्रम के पीछे तालाब मेड़ पर ताश की 52 पत्ती पर रूपएं पैसे का दांव लगाकर लगाकर मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे है। कच्चे चौकी की पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत घेराबंदी करना शुरू किया। पुलिस को आता देख कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। कार्यवाई के दौरान मौके से आरोपी हाटकोंदल निवासी 46 वर्षीय प्रेमसिंह कोसमा पिता दरबुराम कोसमा, हाटकोंदल निवासी 34 वर्षीय नरोत्तम कोर्राम पिता रामलाल कोर्राम, हाटकोंदल निवासी 52 वर्षीय तेजराम आमला पिता स्व. श्यामलाल आमला और हाटकोंदल निवासी 35 वर्षीय राजेन्द्र कोर्राम पिता स्व. मेरसिंह को दबोचा गया। आरोपियों की तलाश और जुआँ स्थल से कुल जुमला 3 हजार 600 रुपए, ताश की 52 पत्ती, एक नग सफेद प्लास्टिक बोरी व 1 नग मोमबत्ती को जब्त किया गया। जुआरियों से पूछताछ किया करने के उपरांत जुआं खेलना स्वीकार किया, परंतु अन्य जुआरियों के नाम का खुलासा नहीं किया। जुआ स्थल से दबोचे गए 4 जुआरियों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

---

## जंगल की कटाई और अतिक्रमण से ग्रामीण नाराज, जिम्मेदार विभाग नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

वन विभाग की जमीन पर माफिया द्वारा अनाधिकृत रूप से जंगल की कटाई कर उस पर धीरे-धीरे अतिक्रमण कर अब खेत बनाने मे लगे हैं। लेकिन इस तरफ वन विभाग का कोई ध्यान नहीं दे रहा है। खेत बनाने वाले बाद में वनअधिककार पत्र की मांग करने लगेंगे। वन परिक्षेत्र पश्चिम परलकोट बांदे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चिड़ीपारा की जहां पर भू-माफियों द्वारा अनाधिकृत रूप से जंगल के सैकड़ो इमारती पेड़ की कटाई कर आग लगा कर सबूत मिटाने का काम किया जा रहा है, वही बांदे वन विभाग का अमला कुंभकरण निद्रा में है। भू माफिया के द्वारा अब उसमें खेती बनाने का काम कर रही है। ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि बांदे निवासी पंकज शील के द्वारा लगभग वर्ष 2020 में 5 एकड़ जमीन खरीदी थी। अब वह जमीन लगभग 10 एकड़ हो गई है। क्योकि उनके खेत के बगल में वन विभाग का प्लांटेशन एरिया है, जिस एरिया को धीरे-धीरे कर अपने जेसीबी से पीछे की ओर से हरे-भरे दर्जनों पेड़ों को काटकर अवैध अतिक्रमण कर खेत बनाने का काम किया जा ▶▶| शेष पेज 12 पर

- पेड़ काटकर बनाए जा रहे खेत
- काबिज लोग बाद में मांगेंगे वन अधिकार पत्र



### अतिक्रमण नहीं किया

इस संबंध में पंकज शील ने बताया की मेरे द्वारा एक भी हरे पेड़ कि कटाई नहीं किया गया है। मेरे पट्टे की जमीन है। मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया जा रहा है।

### वन विभाग की टीम भेजी जाएगी

पश्चिम परलकोट बांदे के परिक्षेत्र अधिकारी त्रिमूर्ति बघेल ने बताया कि मामला अभी-अभी संज्ञान में आया है। मामले की जांच के लिए वन विभाग की एक टीम मौके पर भेजी जा रही है। यदि मौके पर पेड़ो की अवैध कटाई पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### कच्चे माइंस में पौधोरोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस

**भानुप्रतापपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कच्चे आरीड़ोंगरी माइंस में कर्मचारियों ने आम, अमरूद, करंज, इमली, गुलमोहर और नीम जैसे विभिन्न पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना और पर्यावरण को सुरक्षित बनाना था। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के अनुरूप कर्मचारियों ने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस पहल से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बनाने में मदद करेगा।

## युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस चलाएगी शिक्षा न्याय मुहिम : पूर्व मंत्री अनिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर युक्तियुक्तकरण एवं रोजगार विरोधी नीति का विरोध करते हुए पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि सरकार कुछ भी कर रही है, इसलिए सरकर को जगाने शिक्षा न्याय मुहिम चलाया जाएगा।

पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी एवं शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए हैं। नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों की न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद को खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद एवं 12000 शिक्षकों के पद को भी खत्म किया गया था। वर्तमान भाजपा सरकार सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने एवं नए शिक्षकों की भर्ती ना करनी पड़े, इसलिए यह युक्तियुक्तकरण की नीति ला रही है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर होगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के युक्तियुक्तकरण नीति से स्कूलों को जबरन बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों में कार्यरत हजारों रसोईया, स्वीपर और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो ▶▶| शेष पेज 12 पर



### स्कूलों का डायस कोड विलोपित किया गया: विधायक

भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से दूरस्थ क्षेत्र विशेष कर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगह पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही है कि स्कूल बंद नहीं होंगे। जबकि सच्चाई यह है कि मर्ज किए गए स्कूलों का डायस कोड विलोपित कर दिया गया है। युक्तियुक्तकारण शिक्षा विरोधी कदम है स्कूलों के बंद होने से रसोईया,चौकीदार जैसे सभी पद समाप्त हो जाएंगे। हजारों लोग रोजगार के अवसर से समाप्त हो जाएंगे। कांग्रेस इसके खिलाफ जमीन की लड़ाई लड़ेगी।

## कार्यालय में सुबह 10 बजे हुआ राष्ट्रगान

**पखांजूर।** कमिश्नर बस्तर संभाग जगदलपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कमिश्नर के द्वारा निर्देश दिया गया कि अब सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन अपने कार्यालयीन समय में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर राष्ट्रगान गाएंगे और उसके बाद फोटो खींचकर कमिश्नर कार्यालय के नंबर पर भेजेगे और साथ ही प्रत्येक शनिवार को कार्यालय कक्ष एवं परिसर की साफ सफाई किए जाने का आदेश जारी किया। जल संसाधन विभाग के उपसंभाग कापसी एसडीओ आरएल धींवर ने आदेश का पालन करते हुए अपने कार्यालय में सुबह 10 बजे उपस्थित होकर राष्ट्रगान गाया।



## बोर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक हुआ घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** बाइपास रोड मनकेसरी के पास बोर गाड़ी के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल सवार युवक को टक्कर मार दिया, जिससे युवक को गंभीर चोट आई थी। वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद थाना पहुंचा और आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे घोटिया निवासी 28 वर्षीय पंकज कुमार जैन पिता निर्भय जैन ने पुलिस को बताया कि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन में काम करता हूँ। 25 मई को अपने काम से कांकेर आया था। सुबह करीबन 11 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 5589 को चलाते हुए बाईपास रोड से अपने घर ग्राम घोटिया जा रहा था। बाईपास रोड मनकेशरी चौक के पास पहुंचा था कि जगदलपुर की ओर से आ रही बोर गाड़ी क्रमांक सीजी 19 बीयू 6839 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज, उतावलेपन एंव लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मोटर सायकल सहित गिर गया। एक्सीडेंट से बायें हाथ, पैर, कमर, कंधा, चेहरे व सिर में चोट लगी और मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई। रास्ते ▶▶| शेष पेज 12 पर



---

**प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने दिए कई सुझाव**

## डीआईजी ने जंगलवार कालेज के प्रशिक्षण स्थल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं प्रशिक्षण के उपमहानिरीक्षक आईपीएस सदानंद कुमार सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज का निरीक्षण किया। उपमहानिरीक्षक ने प्रशिक्षण स्थल और सुविधाओं की जानकारी लिया। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं प्रशिक्षण के उपमहानिरीक्षक आईपीएस सदानंद कुमार 6 जून को सीटीजेडब्ल्यू कालेज कांकेर का निरीक्षण किया गया। उनके आगमन पर ब्रिगेडियर एस. के. लामा, सेनानी एस.एल.बघेल और सहायक सेनानी महोदय रमेश येरेवार द्वारा स्वागत किया गया। आगमन पश्चात प्रशिक्षण एरिया में भ्रमण एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया। सहायक सेनानी द्वारा कॉलेज ट्रेनिंग का पावर पाईंट प्रजेंटेशन दिया गया। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं प्रशिक्षण के उपमहानिरीक्षक ने कालेज के ट्रेनिंग एरिया में वाटर आब्सटिकल, सर्किट पीटी, सलेरिंग प्वाइंट, हाईराइज बिल्डिंग, सीटीआर रेंज, फायरिंग रेंज, ट्रेनिंग एरिया सेंड मॉडल, डेमो एरिया का निरीक्षण किया। आईईडी स्कूल निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक आईईडी इक्युप्मेंट उन्नत बनाने के लिए सुझाव दिया गया। भ्रमण पश्चात उप महानिरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए। जंगलवार कॉलेज की पहचान प्रदेश के अलावा अब देशभर में हुई है। इस कॉलेज में गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण प्रदेश के अलावा अन्य जिलों के अधिकारी एवं जवान प्रशिक्षण लेने पहुँचे है। प्रदेश के कई आईपीएस ने भी इस कॉलेज में प्रशिक्षण लिया है। गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण जिस ढंग से दिया जा रहा है, उसमें सुधार और उत्कृष्ट बनाने के लिए अब नई रणनीति तैयार की जाएगी।



### प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बनाया जाएग उत्कृष्ट

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं प्रशिक्षण के उपमहानिरीक्षक सदानंद कुमार ने जंगलवार कॉलेज का भ्रमण और निरीक्षण करने के उपरांत कॉलेज के संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाए जाने पर चर्चा किया और कई सुझाव भी दिए। जंगलवार कॉलेज के आईईडी स्कूल के इक्विपमेंट को बदलने की जरूरत है, उसे बेहतर बनाने के सुझाव दिए।

## दसवीं में छग में प्रथम आने वाली छात्रा के इलाज के लिए मांगी नकद राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

ब्लड कैंसर से पीड़ति ईशिका बाला को चिकित्सा खर्च में नकद राशि सहयोग के मांग पर जागृति मंच पखांजुर ने मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपकर किया है ।

ब्लड कैंसर से पीड़ति छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक दसवीं बोर्ड की टॉपर ईशिका बाला को चिकित्सा खर्च में नकद राशि सहयोग के मांग पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, कलेक्टर आदि के नाम पर जागृति मंच पखांजुर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ज्ञापन सौपा है। विदित है कि ईशिका बाला पिता शंकर बाला ग्राम पीव्ही 51 का निवासी शाउमावि गोण्डाहुर की छात्रा ने दसवीं वोर्ड के मेरिट सूची में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इशिका पिछले दो वर्षो से ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं और इसके बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। जागृति मंच के अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ मिस्त्री, उपाध्यक्ष ऋषिकेश मजूमदार, सचिव निबास अधिकारी, कोषाध्यक्ष रथिन्द्रनाथ बैनर्जी आदि मंच पदाधिकारीओं ने कहा कि ईशिका की इन उपलब्धि पर पूरा ▶▶| शेष पेज 12 पर



- ब्लड कैंसर से पीड़ित है ईशिका बाला

# भाजपा चलाएगी संकल्प से सिद्धि अभियान, 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगी

## जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के संकल्प को मोदी सरकार ने साकार : अरोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा संकल्प से सिद्धि अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को भाजपा कार्यालय कोंडागांव में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा का उद्देश्य है कि मोदी सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां हर घर तक पहुंचे और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक इस अभियान को सफल बनाएं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार विरासत को संवारने और देश को तेज़ गति से विकास के पथ पर ले जाने का कार्य कर रही है, और इसका प्रमाण है कि भारत आज विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है। इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जम्मू–कश्मीर से धारा 370 हटाने के संकल्प को मोदी सरकार ने साकार किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार राज्य को समग्र रूप से आगे बढ़ाने में लगी है।

### अभियान की प्रमुख गतिविधियां

विधायक नीलकंठ टेकाम ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों के तहत विभिन्न आयोजन शुरू होंगे। इनमें प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं। 9 जून डिजिटल प्रतियोगिता का आयोजन, जिसमें मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित वीडियो और ग्राफिक्स प्रतियोगिताएं होंगी। 10–11 जून नगर स्तर पर रचनात्मक आयोजन होंगे। 15–20 जून मंडल स्तर पर योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन। शक्ति केंद्र और मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन।




### ये पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीर सिंह, जसकेतु उसेंडी, गोपाल दीक्षित, आकाश मेहता, चंदन साहू, प्रेमसिंह नाग, हितेंद्र झा, संजू पोयाम, दीपेंद्र नाग, यशोदा नाग सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### ट्रक ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर, चारपहिया सवार दो युवक घायल

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहा है । शुक्रवार की रात करीब 10 बजे संतोष ढाबा के पास कोंडागांव की ओर जा रही स्कॉर्पियो को सामने से आ रही ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे ने स्कॉर्पियो में सवार भोला राम चक्रधारी पिता गणेश राम निवासी रायपुर कुमारी उम्र 30 वर्ष और मनोज कुमार कूरेटी पिता प्रेम सिंह उम्र 21वर्ष निवासी मोहभट्टा घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया । प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को रायपुर रिफर किया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### आदिवासी छात्रा अनिता को मिला जन्म प्रमाणपत्र

**केसकाल।** ब्लॉक की तहसील धनोरा के पहुंचविहीन क्षेत्र ग्राम डुंडाबेडमा की आदिवासी छात्रा अनिता मंडावी के आधार कार्ड में हुई गलतियों के कारण जन्म प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा था। ग्रामपंचायत डुंडाबेडमा की मीडिया व पीड़ित लड़की के बड़े भाई विष्णु मंडावी के प्रयास से अनिता मंडावी पिता डिंडोराम मांडवी का जन्म प्रमाणपत्र हुआ है।



### 5500 वाहनों पर लगाए गए हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट



**जगदलपुर।** हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 4 स्थानों में काउंटर लगाया गया है। अब ब्लॉक मुख्यालयों में समय-समय पर भी इसके लिए काउंटर लगाए जा रहे हैं। हॉलांकि बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों पर एचएसआरपी लगेंगे, इसमें से अब तक लगभग 5500 वाहनों में यह प्लेट लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर एचएसआरपी के लिए विभिन्न सड़कों में आरटीओ के नेतृत्व की टीम वाहनों की जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलकर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है, इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है। इसमें एक यूनिक लेजर कोड होता है, जिसे हटाना मुश्किल होता है, स्नैप लॉक होता है, जिससे इसे बिना अनुमति के नहीं बदला जा सकता, रेट्रो-रिलेक्टिव फिल्म होती है, जिससे कम रोशनी में भी वाहन आसानी से दिखता है। इससे वाहन चोरी रुकती है और चोरी होने पर वाहन आसानी से पकड़ा जा सकता है।

### बजरंगबली से आशीर्वाद लेकर निकलेगी शिक्षा न्याय यात्रा

# कांग्रेस ने शिक्षा न्याय यात्रा और विरोध प्रदर्शन की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत स्कूलों को बंद किए जाने के विरोध में आगामी रणनीति तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 जून मंगलवार को केशकाल एवं माकड़ी ब्लॉक में तथा 11 जून बुधवार को कोंडागांव, फरसगांव एवं विश्रामपुरी ब्लॉकों में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का घेराव किया जाएगा।

इन कार्यक्रमों का नेतृत्व संबंधित ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही 18 जून बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कोंडागांव कांग्रेस भवन में एकत्र होकर बजरंगबली से आशीर्वाद लिया जाएगा और फिर शिक्षा न्याय यात्रा के रूप में रैली निकाली जाएगी। रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराएगी।




### 2 छात्रों के उत्तीर्ण होने की खबर पर जताई चिंता

*कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार स्कूल बंद कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जबकि शराब दुकानों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार बस्तर के बच्चों को शिक्षित नहीं देखना चाहती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा केवल आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर वाहवाही लूट रही है, जबकि जमीनी स्तर पर आदिवासियों के हितों की उपेक्षा हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने एकलव्य स्कूल में 54 में से केवल 2 छात्रों के उत्तीर्ण होने की खबर पर चिंता जताई। इसे शिक्षकों की कमी और सरकार की विफल शिक्षा नीति का परिणाम बताया।*

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, योगेंद्र राठौर, ब्रिज सोढ़ी, लखमू कोर्राम, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, बुधराम कश्यप, देवेंद्र कोर्राम, निमेंद्र दीवान, गुणमती नायक, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, श्याम सिंह, गनू पोयाम, योगेंद्र पोयाम, सुनील रैकवार, रूपेश गोस्वामी, रविंद्र दीवान, बिन्दा चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन जनहित में है और जब तक सरकार अपनी नीति में बदलाव नहीं करती, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

# अभियानों में तैनात सुरक्षाबलों के खिलाफ अफवाह व झूठे आरोप नहीं फैलाएं : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के दौरान कतिपय लोगों व संगठनों द्वारा प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी माओवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही वैध कार्रवाईयों के संबंध में अफवाहें फैलाने और झूठे आरोप लगाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने जारी प्रेसनोट में बताया कि ऐसे प्रयास न केवल भ्रामक है बल्कि सुरक्षाबलों का मनोबल गिराने वाला तथा पूरी तरह से अनैतिक और कानून के विरुद्ध भी हैं जो तथ्यात्मक सच्चाई से भी कोसों दूर हैं। आईजी ने कहा कि बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बल संविधान और कानून के तहत मिले अपने दायित्वों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा से यह रहा है कि बस्तर क्षेत्र की जनता के जीवन, संपत्ति और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रतिबंधित एवं अवैध घोषित भाकपा माओवादी संगठन के विरुद्ध चलाए जा रहे समस्त अभियान विधिसम्मत प्रावधानों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं एसओपीएस के अंतर्गत पूरी ज़िम्मेदारी, संयम और पारदर्शिता के साथ संचालित किए जाते हैं। आईजी ने कहा कि हाल ही में यह देखा गया है कि कुछ व्यक्तियों एवं संगठनों द्वारा प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी माओवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही वैध कार्रवाईयों के संबंध में अफवाहें फैलाने और झूठे आरोप लगाने का प्रयास किया जा रहा हैं। ऐसे प्रयास न केवल भ्रामक एवं जवानों का मनोबल गिराने वाला तथा पूरी तरह से अनैतिक और कानून के विरुद्ध व तथ्यात्मक सच्चाई से भी कोसों दूर हैं। हम एक बार फिर स्पष्ट करना चाहते हैं कि सुरक्षा बलों की सभी कार्रवाइयाँ संविधान, कानून और संचालन की निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप ही होती हैं। हमारी नियमित प्रक्रिया के तहत हम प्रत्येक अभियान से जुड़ी जानकारी समयानुसार अपने आधिकारिक और प्रामाणिक बयानों के माध्यम से जनता एवं सभी संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराते रहेंगे।

# शिक्षकों की व्यवस्था से शिक्षा की गुणवत्ता में होगी वृद्धि : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं युक्तियुक्तकरण के संबंध में कलेक्टर की हुई प्रेसवार्ता

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेस वार्ता में बताया कि शालाओं के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता स्तर में सुधार, विद्यालयों के समायोजन और शिक्षकों की समुचित व्यवस्था करना था और जिले के स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसी भी शाला का संचालन बंद नहीं किया गया है। इस क्रम में जिन शालाओं में दर्ज संख्या शून्य पायी गई, वे भी पूर्ववतः संचालित रहेगी। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में स्थापित प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं को संचालन के वरिष्ठ शिक्षक के अधीन रहेगी। इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विद्यार्थी प्राथमिक स्तर से माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई एक शाला से कर सकेंगे और उन्हें आगे की अध्ययन हेतु अलग-अलग शालाओं में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसके अलावा एक ही परिसर के विद्यालयों में प्रशासनिक कसावट आयेगी। साथ ही विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी और छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षा हेतु विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे और शिक्षा के स्तर में एकरुपता को बढ़ावा मिलेगा।

### गैरहाजिर शिक्षकों की पोस्टिंग लाटरी से

*प्राथमिक स्तर पर 127 शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की काउंसलिंग की गई एवं 4 अनुपस्थित शिक्षकों को लॉटरी के माध्यम से विद्यालय प्रदाय किया गया। इस प्रकार माध्यमिक स्तर में युक्तियुक्तकरण के तहत 39 शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की काउंसलिंग की गई एवं 2 अनुपस्थित शिक्षकों को लॉटरी के माध्यम से विद्यालय प्रदाय किया गया।*



# सुरक्षा कैम्प की स्थापना से कोण्डापल्ली में हुई परिवर्तन की शुरूआत

**बीजापुर।** कोण्डापल्ली ग्राम जो जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर और विकासखण्ड उसूर से 55 किलोमीटर दूर स्थित है, वर्षों से विकासखण्ड की मुख्यधारा से कटे हुए एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र के रूप में जाना जाता रहा है। मुरिया और दोरला जनजाति के लोग इस ग्राम में निवास करते है, जिनका जीवन मुख्यतः कृषि और वन संसाधनों पर निर्भर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और नियद नेल्लानार योजना के तहत सुरक्षा कैम्प की स्थापना कोण्डापल्ली के लिए परिवर्तन की शुरूआत साबित हुई। केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से गांव को पहली बार शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत लगभग 37.29 लाख रूपये की लागत से 3590 लंबी पाइप लाइन बिछाई गई और गांव के 96 परिवारों को घर-घर नल के माध्यम से स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। गांव में 4 सोलर-चालित नल संरचनाएं लगाई गई, जिससे बिजली की समस्या के बावजूद जल आपूर्ति निर्बाध रूप से संभव हो सके।

# शिवानंद आश्रम में 9 जून को होगा सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर से सटे घाटपदमुर स्थित शिवानंद आश्रम में 9 जून को 20 जोड़ो का सामूहिक विवाह धूमधाम के साथ होगा। सम्पूर्ण समारोह आदिवासी परम्परा रीति-रिवाज के बीच हल्दी,पाणिग्रहण संस्कार के साथ किया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को आश्रम के स्वामी शिवानंद सरस्वती ने प्रेसवार्ता में दी।

बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया आश्रम में शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक गतिविधियां के साथ अब गरीब परिवार के आदिवासी जोड़ो का सामूहिक विवाह करने का निर्णय लिया है। जिसमें छग सर्व आदिवासी समाज का सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा इस विवाह को सम्पन्न करने स्थानीय व्यापारियों व संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चर्चा किया गया। सभी की सहमति पर सामूहिक विवाह का निर्णय लिया गया। विवाह में आसपास के गांवों के जोड़े को शामिल किया जा रहा है। नेंगीगुड़ा, टेटरकुटी, बास्तानार, किलेपाल, भैसगांव, एलनगनार, एरामांगी है। स्वामी ने बताया समाज में समरूपता, एकरूपता लाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इस विवाह में 9 जून को शामिल होने शहरवासियों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया विवाह के बाद आशीर्वाद समारोह एवं प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई है। प्रेसवार्ता में सदाराम, विकास सहारी, सदाराम बघेल, कौशल नांगवंशी, केआर रात्रे, सोनसाय कश्यप, गंगाराम कौशल उपस्थित थे।

### विवाह नहीं होने से समाज में तिरस्कार की दृष्टि

छग सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम ने बताया, सामूहिक विवाह आदिवासी रीति-रिवाज परम्परा के अनुसार होगा। आदिवासी समाज मे यदि किसी का विवाह नहीं हो पाता तो समाज उसे तिरस्कार की भावना से देखता है। इसलिए भले ही जोड़ा बुजुर्ग हो जाय उन्हें विवाह करना आवश्यक है। उन्होंने बताया अलगाव की स्थिति में जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### मस्जिद और ईदगाह पर नमाज अता कर मांगी अमन शांति की दुआ

# जुलूस निकाल कर धूमधाम से मनाया बकरीद का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ईदउलअजहा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। शनिवार की सुबह 8 बजे मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिद से ईदगाह तक जुलूस निकाला। ईदगाह में इमाम मुफ्ती समेत सभी ने नमाज अता कर देश व प्रदेश के लिए चैनों अमन की दुआ मांगी। वउम्मीद सामजिक संस्था व नगवासियों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों को बस स्टैंड पर लीची जूस पिलाया, बिस्किट खिलाया और ईद उल अजहा की बधाई दी। ईद के मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर मोहम्मद फ़रीज मेमन ने बताया की समाज के लोगों ने मस्जिद में सुबह की नमाज अदा करके उत्सव का शुरुआत किया। बाद में आत्म-बलिदान का प्रतीक और अल्लाह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बलिदान की रस्म निभाई। परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ इकट्ठा होकर खुशी और प्यार साझा करके बकरीद मनाया। उत्सव की दावतों में स्वादिष्ट व्यंजन से लेकर शीर, खुरमा और खीर जैसी मिठाइयों का आनंद लिया।



### ये रहे मौजूद



इस दौरान हाजी हारून, हाजी अमीन, मौलाना मोमिन खान, मौलाना फिरोज साहब, हाजी आसिफ़ मेमन, मुजीब रहमान, सफिक जिलानी, मो.सत्तार, डॉ. समीम खान, लतीफ मेमन, मो. आरिफ़ सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### जंगल की कटाई...

रहा है। इसके साथ ही फॉरेस्ट के प्लांटेशन में लगे तार फेंसिंग पोल को अपने जेसीबी से तोड़कर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि समय-समय पर वन विभाग कार्रवाई तो कर रहा है। लेकिन कार्रवाई सिर्फ नाम के लिए होती है। वन विभाग की कार्रवाई का भी वन माफिया पर कोई खास असर नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते ही जंगल की अधिक वन भूमि को खेती योग्य बनाकर उस पर आराम से खेती करने में लगे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इस विषय पर कार्रवाई नहीं होती है तो वह इसकी शिकायत कलेक्टर से करेंगे।

### युक्तियुक्तकरण को...

गया है। नए सेटअप के तहत सभी प्राथमिक, माध्यमिक,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे इससे शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पढ़ना निश्चित है। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षद एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### बोर गाड़ी की...

में चलने वाले लोगों ने मुझे जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां पर मेरा इलाज लगातार चल रहा था। मेरा इलाज अस्पताल में 31 मई तक हुआ। दर्द होने के कारण घर मे था और थोड़ा ठीक होने के बाद शिकायत दर्ज कराने आया हूँ। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोर गाड़ी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 6839 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### दसवीं में छग...

राज्य के साथ जागृति मंच पखांजुर गर्वान्वित महसूस कर रहे है। ब्लड कैंसर की चिकित्सा वर्तमान में बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर में करवा रहा है। वर्षों से खून, बोनमैरो आदि जांच दवाई से लेकर चिकित्सालय में यातायात वाहन आदि में लाखों रुपये खर्च हो जाने से परिजन लाखों की कर्ज तले दबे है। चिकित्सा में परिजन द्वारा ब्याज मे लिया गया खर्च राशि एवं आने वाले दिनो में चिकित्सा खर्च का भार की आर्थिक बोझ में बृद्धि होंगे । यह अत्यंत संवेदनशील मसला पर मंच शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करने के साथ मांग किया है कि ईशिका बाले के परिजन को ब्लड कैंसर की चिकित्सा के लिए हुए कर्ज से मुक्त करने और आने वाले दिनों की नई कर्ज से राहत देने हेतु शासन-प्रशासन से परिजनो को नगद राशि सहयोग का मांग किया है।

## खबर संक्षेप



### गुफड़ी में विशेषज्ञों ने दी उन्नत खेती की जानकारी

**सुकमा।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान में 6 जून को ग्राम पंचायत गुफड़ी, कांदें, कोकावाड़ा, लेदा, सेमसेट्टी एवं कोन्हीगुड़ा में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, सभी प्रगतिशील कृषकों जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### सीआरपीएफ कैम्प में पौधारोपण प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताया



**कोंटा।** कोंटा विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रही सेकेंड वाहिनी सीआरपीएफ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान एवं विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हटाने के रूप चालू की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के अति नक्सल प्रभावी जिले सुकमा में विगत कई वर्षों से सीआरपीएफ सघन नक्सल विरोधी अभियान में तैनात है। क्षेत्र की सुरक्षा व मानव सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है। बरसात की शुरूआत में ही बड़े पैमाने में फलदार व छायादार पौधों का रोपण द्वितीय वाहिनी द्वारा किया जा रहा है। इसी कम में शुक्रवार के रति कान्त बेहेरा कमाण्डेन्ट द्वितीय वाहिनी केरिपु बल के नेतृत्व में द्वितीय वाहिनी मुख्यालय सबरीनगर सुकमा परिसर के चारों तरफ एवं कैम्प रामाराम चिन्तागुफा मिनपा एवं एफओबी मुर्कराजकोण्डा व दुलेर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण का कार्यकम हुआ।

## कलेक्टर ने शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेसवार्ता में दी जानकारी

# अंचल के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के कारण मिले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कलेक्टर संबित मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर शिक्षकों एवं शालाओं के युक्तियुक्तकरण तथा शिक्षा में गुणवत्ता लाने युक्तियुक्तकरण के उद्देश्य उनके फायदे सहित सम्पूर्ण प्रक्रिया को प्रेसवार्ता के माध्यम से जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, एपीसी जाकिर खान सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

कलेक्टर ने बताया कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। नगरीय इलाकों में छात्रों की तुलना अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके चलते शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। छग में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य में 212 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन एवं 6,872 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। हमारे जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व 76 प्राथमिक शाला, एक माध्यमिक शाला, एक हाईस्कूल, शिक्षक विहीन थे। युक्तियुक्तकरण के पश्चात कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है, 326 प्राथमिक शालाऐं एकल शिक्षकीय हैं।

राज्य में 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षकविहीन और 255 एकल शिक्षकीय हैं। हमारे हमारे जिले में कोई भी पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन तथा एकल शिक्षकीय नहीं है। राज्य के प्राथमिक स्कूलों में 7,296 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 5,536 शिक्षकों की आवश्यकता है। हमारे जिले में युक्तियुक्तकरण के पश्चात प्राथमिक स्कूलों में 412 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 15 शिक्षकों की आवश्यकता है। राज्य के प्राथमिक शालाओं में 3,608 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 1,762 शिक्षक ही अतिशेष हैं। हमारे जिले में प्राथमिक शालाओं में शून्य एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 7 शिक्षक ही अतिशेष हैं। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी।

यह युक्तियुक्तकरण कोई कटौती नहीं, बल्कि गुणवत्ता और समानता की दिशा में बड़ा कदम है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो। पूरे राज्य में मात्र 241 स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है। हमारे जिले में केवल 9 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है। राज्य के कुल 10,538 स्कूलों में से 10,297 स्कूल यथावत संचालित रहेंगे, जबकि जिले में 65 स्कूलों में से 56 स्कूल यथावत संचालित होंगे। सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है और पास में बेहतर विकल्प मौजूद हैं। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की जा रही है। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी, अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

## जिले में 127 शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश ध्रुव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक विद्यालयों जिनमें प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय शामिल हैं , उनमें में काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों का पदांकन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण से विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपस्थिति सुनिश्चित होगी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस प्रक्रिया से छात्रों को समान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण के और फायदे बताते हुए कहा कि इससे शिक्षकों की दक्षता और अनुभव का प्रभावी उपयोग संभव होगा। सीमित संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा। बच्चों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन और सहयोग मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को भी अच्छी शिक्षा का अवसर मिलेगा। शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकेंगे। एपीसी जिला शिक्षा कार्यालय नारायण वर्मा ने बताया कि सुकमा जिले में 29 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 230 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय है और जिले में 2 पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षिक विहीन और 6 एकल शिक्षकीय है। जिला सुकमा में प्राथमिक स्कूलों में 303 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 135 शिक्षकों की आवश्यकता हैं। जिला सुकमा में प्राथमिक शालाओं में 9 प्रधान अध्यापक, 76 सहायक शिक्षक, कुल 85 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 2 प्रधान अध्यापक एवं 35 शिक्षक कुल 37 शिक्षक, हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल में 05 व्याख्याता ही अतिशेष हैं। जिला सुकमा में 127 स्कूल युक्तियुक्तकरण से एक ही केम्पस में संचालित होंगे एवं 6 स्कूल दूसरे स्कूल में मर्ज हो जायेगें।



## बकरीद हर्षोल्लास के साथ मना शहर के मस्जिदों में विशेष नमाज

**जगदलपुर।** बकरीद का त्योहार शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के जामा मस्जिद, सदर मस्जिद, गौसिया मस्जिद, जिक्रुनवी मस्जिद और कचोरा के मस्जिद में सुबह 6:30 विशेष नमाज अता की गई। जिसमें मुस्लिम समाज के लोग काफी संख्या में शामिल हुए। जामा मस्जिद और सदर मस्जिद में जो सुबह 6:30 बजे के नमाज में शामिल नहीं हो पाए उनके लिए 8 बजे रखी गई थी। उसमें भी काफी संख्या में लोग शामिल होकर विशेष नमाज अता की गई। जामा मस्जिद के मौलाना इमाम बख्श साहब ने देश-विदेश और बस्तर जिले के लोगों के लिए शांति की दुआ की। इस्लाम धर्म में इसे कुर्बानी का त्यौहार भी कहा जाता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने बकरों की कुर्बानी देकर परिवार के साथ त्यौहार मनाया।

## 78 स्कूल में पहली बार शिक्षकों की हुई पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से काउंसलिंग पश्चात 78 शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थापना कर शिक्षकों की पूर्ति की गई है। जिले में इस पदस्थापना के बाद कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं हैं। इसी तरह एक हाईस्कूल जहां व्याख्याता के सभी पद रिक्त थे वहां हिन्दी एवं सामाजिक अध्ययन के व्याख्याताओं की पूर्ति की गई है।

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप किया गया। जिले में 198 शिक्षक अतिशेष पाये गए जिनमें सहायक शिक्षक 104, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला 13, शिक्षक 45, प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला 31 और व्याख्याता के 5 पद शामिल हैं। इन अतिशेष शिक्षकों मे से 189 शिक्षकों की पस्थापना शिक्षक विहीन एकल शिक्षकीय एवं आवश्यकता वाले संस्थाओं में कांउसलिंग के उपरांत की गई।नई पदस्थापना आदेश के तहत 82 शिक्षकों को शिक्षक विहीन शालाओं में 44 शिक्षकों को एकल शिक्षकीय शालाओं में और 63 शिक्षको को सामान्य संस्थाओं में पदस्थापना किया गया। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद जिले में अब भी सहायक शिक्षक के 336, प्रधानअध्यापक प्राथमिक शाला के 76, शिक्षक के 15 और व्याख्याता के 138 कुल 565 पद रिक्त रहेंगे। दो दशकों से बंद पडे.स्कूलों के पुनः संचालन पश्चात 76 स्कूलों को पहली बार नियमित शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के पश्चात मिल पाये। अतिसंवेदनशील एवं दुर्गम क्षेत्र गुन्डापूर, मुदवेंडी, हिरमगुन्डा, बोटेतोंग, गुन्जेपरती, जीड़पल्ली, मुरकीपाड़ जैसे 76 स्थानों पर पदस्थापना किए जाने से दो दशको बाद इन स्थानों पर शिक्षको की आवाजाही फिर से शुरू हो सकेगी जिससे इन क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में जिले में 65 स्कूलों का समायोजना किया गया है जिसमें से 56 स्कूलों का यथावत संचालन होगा, जिले में केवल 9 स्कूल अल्पदर्ज संख्या के कारण बंद किए गऐ हैं।

## वनांचल क्षेत्रों में बैंक अकाउंट खुलवाने का कार्य जारी



**सुकमा।** जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के नेतृत्व में सुदूर वनांचल एवं संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्व सहायता समूह की दीदियों के सहयोग से ग्रामीणों के बैंक खाते खोले जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन का लाभ मिलने के साथ ही शासकीय योजनाओं की डीबीटी की राशि सीधे उनके खातों में भेजी जाएगी। सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए हम स्व सहायता समूह की दीदियों को सशक्त बनाकर, गांव-गांव जाकर लोगों के बैंक खाते खुलवा रहे हैं। इस प्रक्रिया से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और वे डिजिटल लेनदेन के प्रति भी जागरूक होंगे।

## कैरियर एकेडमी में 50 से अधिक उम्मीदवारों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला प्रशासन के अभिनव पहल अर्न्तगत बीजापुर कैरियर एकेडमी में जिले के शिक्षित युवाओं को छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग एवं व्यापंम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित करने के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाती है। अभी हाल ही में आयोजित होने वाले एडीईओ एवं नगरसेना परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के तैयारियों का परीक्षण करने के लिए टेस्ट सीरीज का आयोजन शनिवार को 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें प्रतियोगी युवाओं में उत्साह देखने को मिला। संस्था के शिक्षक किशोर जायसवाल ने बताया कि आज के टेस्ट सीरीज में 50 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए।

## शत प्रतिशत नौकरी की गारंटी के साथ गुरुकुल में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नवाचार की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने एक और प्रभावशाली पहल की है। स्थानीय युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने और उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने नवगुरुकुल संस्था के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025,26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय है, जिसमें छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, व्यवसायिक और पेशेवर कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नवगुरुकुल का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रशिक्षण की अवधि 18 से 24 महीने की होगी, जिसमें छात्रों को निःशुल्क हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आत्मविश्वास के साथ रोजगार की दुनिया में प्रवेश कर सकें। उल्लेखनीय है कि अब तक दंतेवाड़ा जिले के 100 से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 52 से अधिक छात्र देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक चयनित हो चुके हैं। इन छात्रों को 12,000 से 25,000 रुपये मासिक वेतन प्राप्त हो रहा है, जिसमें औसत वेतन 15,000 से 20,000 रुपये के बीच है। विशेष बात यह है कि इस कार्यक्रम में भाषा को कोई बाधा नहीं माना जाता केवल मौलिक अंग्रेजी ज्ञान पर्याप्त है। कार्यक्रम सभी जेंडर के लिए खुला है, हालांकि महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है।

## जिपं सदस्य ने ग्रामीणों को किया वन अधिकार पट्टा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वर्तमान जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा ने आज कोंटा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोटकपल्ली पंचायत सलातोंग व एलमागुंड़ा पंचायत क्षेत्रों का दौरा किया।

■ जिपं सदस्य पहूंचे वनांचल के दूरस्थ क्षेत्र सलातोंग

इस दौरान इन्होंने ने सलातोंग ग्राम में सरपंच पोटकपल्ली कोसी कवासी तथा एलमागुंड़ा के पूर्व सरपंच सोड़ी जोगा तथा पंचायत सचिव मड़काम लक्का की मौजूदगी में साकलेर के 58 परिवारों एवमं एलमागुण्ड़ा के 30 परिवारों को वन अधिकार भूमि का पट्टा वितरण किया। ज्ञात हो कि यह जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत आने वाले वह क्षेत्र है जहां कभी नक्सलियों की तूती बोलती थी और आज भी इस क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों तक मूलभूत सुविधाएं नही पहूंची है और इन पंचायतों के कुछ आश्रित गाँवों के बहुत से परिवारों के आधार कार्ड भी अब तक नही बने है। ग्राम पंचायत भेज्जी से होते हुए ग्राम पंचायत टब्बाकोंटा ग्राम पंचायत एलमागुण्ड़ा पोटकपल्ली को जोड़ने के लिए शासन स्तर पर सड़क मार्गों का जाल बिछाया जा रहा है। लेकिन कुछ ऐसे भी गांव है जहां अभी तक पक्के आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल भवनें नहीं बने है। इन ग्राम पंचायतों को तेजी से पटरी पर लाने की प्रयास करते हुए शासन स्तर के हर योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहूंचाने अब जनप्रतिनिधियों ने भी कमर कस लिया है। जिसका उच्च लेवल संज्ञान लेना आवश्यक है।

### वन अधिकार पट्टा से मिलने वाले लाभों को गिनाया

जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा ने पोटकपल्ली पंचायत के सलातोंग साकलेर गांव के ग्रामीणों को पट्टा वितरण करते हुए ग्रामीणों को शासन के योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा वन अधिकार पट्टा के माध्यम से अब किसान पंजीयन करा कर धान बेच सकते है और डबरी निर्माण बैंक से क्षण आदि ले सकते है । इस दौरान इन जनप्रतिनियों ने आयुष्मान कार्ड बनाने बैंक खाते खोलने के लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया ।

### प्रमुख सड़क के निर्माण पर दिया बल

विभिन्न पंचायतों का दौरा करते हुए जिपं सदस्य सोयम भीमा ने कहा कि भेज्जी से 6 किलोमीटर आगे एलारमड़गु चौक से बोदारास गचनपल्ली बुर्कलंका पामलूर होते हुए पोटकपल्ली को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क मार्ग जिसकी दूरी 25 किमी है स्वीकृत करने की आवश्यकता है। वही इसी मुख्य मार्ग से गचनपल्ली मैलासुर दंतेशपुरम सिंगाराम वंजालवाए होते हुए यह मार्ग गोलापल्ली को जोड़ती है जिसकी दूरी गचनपल्ली से 20 किलोमीटर है यह सड़क मार्ग की स्वीकृति से अंतिम छोर तक इस संपूर्ण पट्टी के वनांचल गांवो के लिए सड़क सुविधा शासन की स्वीकृति से सुगम होगी। एक और गौरतलब मार्ग यह है कि टब्बाकोंटा से पेंटापाड़ एंटापाड़ एतराजपाड़ बुर्कलंका गट्टापाड़ तुमीरपाड़ पालाचलमा अमपेंटा होते यह मार्ग किस्टाराम को जोड़ती है। जिसकी दूरी लगभग 35 किलोमीटर है इसे भी शासन स्तर से जल्द स्वीकृति मिलनी चाहिए।

## मंत्री परिषद की बैठक में सुशासन पर लगी मुहर सभी वर्गों का होगा विकासः धनीराम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्री परिषद के कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिससे छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास होगा।

सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया की सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर जिले में रिक्त पदों को भरने विशेष प्रयास किया जाएगा। जिससे सुकमा जिले का सर्वांगीण विकास संभव होगा। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार सुकमा जिले के विकास के लिए हर संभव प्रयासरत है। विभागों में रिक्त पद भरने से सुकमा जिले को लाभ होगा। मंत्री परिषद की बैठक में राज्य में ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय लोगों को रोजगार देने छत्तीसगढ़ होमस्टे नीति 2025-30 का अनुमोदन किया गया है। जिससे स्थानीय युवाओं को खासकर बस्तर एवं सरगुजा जैसे स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। सुकमा जिला के स्थानीय युवाओं को भी इस योजना से लाभ होगा। युवाओं को रोजगार मिल सकेगा एवं पर्यटन क्षेत्र का विकास होगा। विष्णु देव साय के सुशासन में अब निम्न एवं मध्यवर्गी परिवार को ध्यान में रखते हुए मंत्री परिषद की बैठक में सस्ती भूखंड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। अब शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 का अनुमोदन किया गया है। जिसके तहत लोगों को सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी में भूमि मिल सकेगी।

## कम शक्कर मिलने की शिकायत पर खाद्य अधिकारी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत रायकेरा देवड़ा की उचित मूल्य की दुकान के करीब 400 उपभोक्ताओं को ज्यादा पैसे लेकर कम शक्कर देने की शिकायत आई है। ग्रामीणों ने बताया कि कम मात्रा में शक्कर देकर वितरण पंजी में 1-1 किलोग्राम दर्ज किया गया है। उपभोक्ताओं से कीमत ज्यादा वसूली गई है। इस राशन दुकान का संचालन मां दंतेश्वरी सरस्वती स्व सहायता समूह द्वारा किया जाता है।

■ बयान दर्ज कर जांच रिर्पोट उच्चाधिकारी को सौंपेंगे

कम शक्कर देकर ज्यादा पैसे लिए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने बकावंड जनपद सदस्य खेमेश्वरी कश्यप से की थी। इसके बाद जनपद सदस्य खेमेश्वरी कश्यप ने मामला खाद्य विभाग के संज्ञान में लाया।



खाद्य निरीक्षक हेमंत कुमार रायकेरा ग्राम पंचायत रायकेरा देवड़ा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और राशन दुकान संचालक के बयान लिए, खाद्यान्न स्टॉक एवं वितरण पंजी की जांच की।

### मौके पर की है जांच

खाद्य विभाग को रायकेरा देवड़ा की राशन दुकान के खिलाफ शिकायत मिली थी। मैंने पूरे मामले की जांच की है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

-हेमंत कुमार,
खाद्य निरीक्षक बकावंड

## आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि कार्य बढ़ा रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिलें के सभी विकासखण्डों में किसानों को जागरूक कर वैज्ञानिक जानकारी दी जा रही है। इसके तहत आज ग्राम समलूर, सीयानार, टीकनपाल और महराहारूरनार में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र दन्तेवाडा के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने कृषि कार्य में उन्नत मशीनों और तकनीकी के उपयोग एवं महत्व की जानकारी दी। कीट विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार किसानों को फसल विविधिकरण, आगामी खरीफ फसल, सोयाबीन एवं अरहर उत्पादन तकनीक, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, पोषक संरक्षण आदि की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरएस नेताम ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जैविक खेती, नरवाई प्रबंधन के साथ विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। वहीं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी मनोज कुंजाम ने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री लघु सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसी प्रकार मतस्य पालन विभाग के अधिकारी अशोक पुनेम ने किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में विस्तार से बताया।

## खबर संक्षेप

### शामा विद्यालय नियानार में पौधारोपण

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुकार फाउंडेशन की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नियानार में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पुकार फाउंडेशन से अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष रुखसार बानो, सचिव बसंत मिश्रा, कोषाध्यक्ष छत्रपति शर्मा और स्कूल प्रबंधन से सुश्री प्रीति यादव,सुरेखा मिश्रा,मधुबाला मिंज,सोनी झा, उषा ध्रुव, सुश्री मोहनवती ध्रुव, यशोदा, कुउन्नति यादव, कु. प्रगति यादव,रोहित सरोज,सैय्यद सरफराज, हरीश चंद्र साहू, नीतिश दास, उपस्थित थे। स्कूल प्रबंधन का भरपुर सहयोग मिला।

## निधन

### भुखऊराम मरकाम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत



सुरगदोह निवासी भुखऊराम मरकाम का आकस्मिक निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुरंगदोह में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में ग्रामवासी रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वे पूर्व सरपंच नामदेव मरकाम एवं वर्तमान सरपंच नीलिमा मरकाम के पिता थे।

### फैसला : मिनी स्टेडियम में शिक्षक साझा मंच की बैठक में निर्णय

# युक्तियुक्तकरण निरस्त करने के लिए 10 को जिला मुख्यालय में रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन



अतिशेष शिक्षकों की सूची में हुई अनेक त्रुटि पर कांकेर मिनी स्टेडियम में शिक्षक साझा मंच की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सूची में हुए अनेक त्रुटि पर चर्चा की गई। जिसकी शिकायत कलेक्टर को मुख्यमंत्री शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंप प्रमाण सहित शिकायत करते हुए की जाएगी। बताया जाएगा कि अधिकारी किस तरह अपने लोगो को बचाने कनिष्ठ को वरिष्ठ व वरिष्ठ को कनिष्ठ बनाया गया है। वरिष्ठता सूची में त्रुटि करते हुए दूसरे को लाभ पहुंचाया गया है और विषय ही बदल दिया गया है। साझा मंच ने कहा है कि शिक्षकों की गणना 31 मार्च के बजाय निर्देशों के विपरीत जाकर 30 अप्रैल की स्थिति में कर दी गई है। विषयों को चक्रीय क्रम के बजाय अनुक्रम में कर दिया गया। काउंसलिंग में वरिष्ठ शिक्षक एलबी संवर्ग को छोड़कर कनिष्ठ नियमित शिक्षकों को पहले नियम विरुद्ध ढंग से बुलाया गया है। जिले से 260 शिक्षक व 49 व्याख्याता दूसरे जिले भेजे जा रहे हैं जबकि बस्तर संभाग में पद नहीं है। इसलिए कांकेर जिले के शिक्षकों को जिले के अंदर ही पदस्थ रखा जाए व प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों द्वारा एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए एकसाथ आकर बनाया गया है।

शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर 10 जून को जिलास्तरीय रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपेंगे। साझा मंच कांकेर के प्रदेश सह संचालक वाजिद खान, हेमेंद्र साहसी व जिला संचालक स्वदेश शुक्ला ने कहा कि कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर जिले के प्रत्येक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों का एक-एक पद कम कर शासन प्रशासन अपना पीठ थपथपाने का काम भले ही कर ले। लेकिन शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का दुष्परिणाम आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा। वर्तमान में शिक्षकगण स्कूल शिक्षा विभाग के सेटअप 2008 के अनुसार ही स्वीकृत पदों पर पदस्थ थे। वास्तव में जिले के गिने-चुने 10-15 विद्यालयों में ही शिक्षक अतिशेष थे। लेकिन प्रत्येक शाला में एक-एक पद कम कर नियमानुसार पदस्थ शिक्षकों को ही अतिशेष घोषित कर दूरस्थ शाला में भेज दिया गया। यदि शासन प्रशासन को गरीब बच्चों के शिक्षा की चिंता था तो विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के बजाय रिक्त पदों पर शिक्षकों सीधी भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में जिला संचालक राजेश शर्मा, नंद कुमार अटभईया, नितेश उपाध्याय, उत्तम सिन्हा, राजेंद्र खुदश्याम, मुकेश जैन, प्रेमप्रकाश साहू, गिरीश सिंह, रोमन जैन, कमलेश साहू, शुभम साहू, गोरखनाथ ध्रुव, किशोर विश्वकर्मा, माखन प्रजापति, महेश्वर केसरिया, मनोज पांडे, संग्राम सिंह मंडावी व घनश्याम ओडसा सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# रेंगावाही में पानी टंकी का निर्माण कार्य पिछले डेढ़ साल से अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



- ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग

हर घर जल पहुंचाने की केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अधिकारियों व ठेकेदार के लापरवाही के चलते धरातल पर फीकी नजर आ रही है। इनकी लापरवाही की वजह से कई जगहों पर अब तक लोगों को शुद्ध पानी नसीब नहीं हो रहा है। कही पाइप लाइन बिछाने का काम ही शुरू नहीं किया गया है। जहां पाइप लाइन बिछा दिया गया है, वहा ग्रामीण पानी टंकी निर्माण के इंतजार में आंखें तरस रही है।

कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगावाही में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सिंगल विलेज स्कीम योजना के तहत ठेकेदार मेसर्स संजय अग्रवाल के द्वारा 66.59 लाख की लागत से पीएचई विभाग की देखरेख में पानी टंकी का निर्माण पिछले डेढ़ साल से किया जा रहा है।

जहां ठेकेदार द्वारा अनन फानन मे निम्न स्तर के पाइप लाइन को गुणवत्ताहीन तरीके से बिछा कर पानी टंकी निर्माण कराए बिना सीमेंट कंक्रीट पानी टंकी का काम शुरू किए बिना भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। ग्रामीण रजनु ध्रुव, योगेश, सुकलाल कुरेटी, चेतू, राजेश व गणेश ने बताया की घटिया तरीके से पाइप बिछाकर छोड़ दिया गया है। इसके बाद आज तक ठेकेदार मुड़कर नहीं देखा और न ही विभाग ने संज्ञान लेकर ठेकेदार पर कोई कार्रवाई की है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि संबधित विभाग के देखरेख अधिकारी एवं लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए ब्लैक लिस्ट किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार का काम ना कर सके।

इस संबंध पर लोक स्वास्थ्य यांत्रीकी विभाग के उपयंत्री कपिल नेताम ने बताया कि मेरे द्वारा ठेकेदार को टंकी बनाने का आदेश दिया गया है। मगर ठेकेदार द्वारा अभी तक काम शुरू नहीं किया गया। इस संबंध पर उच्य अधिकारी को अवगत करवा दिया गया है।

# राशन दुकान खुलने से गरीब परिवारों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- खाद्य विभाग ने दिया लिखित आश्वासन, राशन दुकान संचालको की हड़ताल खत्म



छग राशन विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले अपनी सात सूत्रीय मांग को लेकर 1 जून से चल रहा अनिश्चित कालीन हड़ताल 5 जून को खाद्य विभाग के लिखित आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त कर दिया गया है। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्डधारियों को 3 महीने का चावल एक साथ देने की योजना शुरू हो की गई। राशन दुकान संचालको की हड़ताल के चलते चावल उत्सव शुरू नहीं हो पा रहा था। हड़ताल समाप्त होने से गरीब परिवार के लोगों को बड़ी राहत मिली है। राशन दुकान संचालक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लिखित आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित कर दिया गया है।छग राशन विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले अपनी सात सूत्रीय मांग को लेकर पिछले 5 दिनों से पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण में चल रहा आंदोलन 5 जून को राशन दुकान संचालक संघ ने हड़ताल समाप्त कर दिया हैं। राशन विक्रेता कल्याण संघ के प्रदेश सह सचिव अजंबर सेठिया ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभागार में सभी लेम्पस प्रबंधकों की मीटिंग लेकर उन्हें आगामी 2 दिवसों में वर्ष 2018-19 से लेकर 2021-22 तक उचित मूल्य दुकान संचालकों को पीडीएस बारदाना की भुगतान की गई राशि तथा भुगतान हेतु शेष राशि की दुकानवार जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। जानकारी तैयार होने के उपरांत पीडीएस बारदाना की भुगतान उचित मूल्य दुकानों के भुगतान की कार्यवाही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक करने का आश्वासन दिया गया है।

### होगा कमीशन की राशि बजट का आवंटन

उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारियो ने बताया है कि उचित मूल्य दुकानों को कमीशन की राशि के भुगतान के संबंध में माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर 2024 तक की राशि के भुगतान के लिये शासन से बजट आवंटन 7 मई 2025 को प्राप्त हुआ है। इसके संबंध में जिला कोषालय में उचित मूल्य दुकानों को भुगतान के लिए देयक तैयार कर प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2024 में उचित मूल्य दुकानों को भुगतान की गई कमीशन एवं वित्तीय पोषण की राशि की दुकानवार जानकारी संलग्न है। कमीशन जल्द मिलने का आश्वासन दिया गया है।

### संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति को भेजा प्रस्ताव

खाद्य अधिकारी के अनुसार माह जून 2025 में 3 माह के एकमुश्त राशन सामग्री के वितरण के लिए 6 बार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के स्थान पर 2 बार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का ऑप्शन ई-पॉस मशीन में उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर बस्तर कीओर से संचालक,खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव वापस प्राप्त होने पर पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराने का आश्वासन मिला है।

# कलेक्टर को पैरा से बने चित्र को किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- युवा कौशल विकास एवं व्यवसायिक व सामाजिक जागरुकता प्रशिक्षण शिविर



युवा कौशल विकास एवं व्यवसायिक व सामाजिक जागरुकता प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बच्चों को प्रेरित किया और संस्था के प्रयासों की सराहना किया। बच्चों ने कलेक्टर को पैरा से बने चित्र भेंट भी किया।

आयोजित कार्यक्रम में विधायक सावित्री मंडावी ने बच्चों के प्रयास को बेहतर बताया, वहीं बच्चों ने विधायकके पति मनोज मंडावी का पैरा से बना चित्र भेंट किया। जिला पंचायत सीईओ हरीश मंडावी ने प्रदर्शनी में शामिल बच्चों के काम को देखा और बहुत उत्साहित हुए। बच्चों ने सीईओ को भी पैरा से बना पेंटिंग गिफ्ट किया। नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया और बच्चों को प्रेरित किया। पुनेंद्र कुलदीप ने बच्चों को बताया कि केवल सरकारी नौकरी की तैयारी न करें, बल्कि अपने जीवन में प्लान बी भी होना चाहिए। बच्चों को नृत्य और संगीत के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने का तरीका भी सिखाया और उन्हें पेंटिंग के माध्यम से अपनी कला को व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। कंचन कुलदीप ने बच्चों को पॉजिटिव थिंकिंग, कम्युनिकेशन स्किल, और कर्सिव राइटिंग के बारे में सिखाया। उन्होंने बच्चों को डॉ. जोसेफ मर्फी की पुस्तक द पावर ऑफ सबकॉन्शियस माइंड/" के बारे में भी बताया और उन्हें अपने सबकॉन्शियस माइंड का उपयोग करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**बच्चों को बताई ब्रेन रिवाइविंग तकनीक**

महेंद्र कुलदीप ने बच्चों को ब्रेन रिवाइविंग तकनीक, हैप्पीनेस स्किल, और मानसिक व्यायाम के बारे में सिखाया। उन्होंने बच्चों को मॉर्निंग मिरेकल की पुस्तक दी और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, उन्होंने बच्चों को इकिगाई जापानी पुस्तक भी दी और उन्हें अपने जीवन में उद्देश्य और अर्थ खोजने के लिए प्रेरित किया। संस्था द्वारा प्रशिक्षित 10 वालंटियर को हर माह 500 की राशि भी दी जाएगी।

# नगरनार भर्ती का साक्षात्कार रायपुर के महंगे रिजॉर्ट में : चांद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बंद दरवाजों से चयन की कवायद
- बस्तर अधिकार मुक्तिमोर्चा ने भर्ती प्रक्रिया को बताया बस्तर के बेरोजगारों के साथ अन्याय



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने नगरनार भर्ती हेतु प्रस्तावित साक्षात्कार को रायपुर के एक रिजॉर्ट में आयोजित करने का विरोध किया है। साक्षात्कार को नगरनार परिसर में आयोजित करने की मांग को लेकर कलेक्टर एवं एनएमडीसी महाप्रबंधक के नाम आवेदन प्रेषित किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में नवनीत ने इस फैसले को भेदभाव पूर्ण बताते हुए कहा है कि स्थानीय युवाओं के अधिकार के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा है कि नगरनार स्टील प्लांट में भर्ती प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार का आयोजन बस्तर से बाहर करने का पूरजोर विरोध किया जाएगा। नवनीत ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह केवल एक आवेदन नहीं, यह बस्तर की चेतावनी है। अन्याय के खिलाफ मोर्चा संघर्ष जारी रखेगा। हम बाहरी लोगों की भर्ती का विरोध नहीं करते, लेकिन यह न्यायसंगत और संवैधानिक मांग है कि जिनकी भूमि, जंगल और संसाधनों पर यह उद्योग खड़ा है उन्हें पहली प्राथमिकता दी जाए। इस दौरान मेहताब सिंह, संतोष सिंह, सुरेश नाग, कृष्ण कुमार, प्रिया यादव, गायत्री ठाकुर, आकाश जॉन, रामु नाग आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आंदोलन की चेतावनी

यदि निर्णय नहीं बदला गया, तो बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा जनसुनवाई, धरना, घेराव और लोकतांत्रिक प्रतिरोध का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा।

### मोर्चा की मांगें

साक्षात्कार को नगरनार परिसर या निकट के किसी सरकारी भवन में आयोजित किया जाए। स्थानीय युवाओं को भर्ती में स्पष्ट और प्राथमिक अवसर दिया जाए। रिजॉर्ट में साक्षात्कार आयोजन के निर्णय को तत्काल रद्द किया जाए। चयन प्रक्रिया में स्थानीय पारदर्शिता समिति को शामिल किया जाए।

### अतिक्रमण न कर वनों की वृद्धि व सुरक्षा करने की दी समझाइश

**जगदलपुर।** वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने सभी ग्रामीणों के साथ मोकागांव वन क्षेत्र का सामूहिक भ्रमण किया गया। ग्रामीणों को अतिक्रमण न करते हुए वनों की वृद्धि एवं सुरक्षा करने की समझाईश दी गई। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया था, उनके विरुद्ध वन अपराध कायम किया गया। अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को जंगल से होने वाले लाभ एवं नुकसान से अवगत कराया गया, जो व्यक्ति वन अधिकार प्राप्त किए है। उनके द्वारा भी यदि अधिक क्षेत्र में अतिक्रमण किया जाता है तो उनके उपर भी कार्यवाही की जाएगी, पूर्व में मोकागांव वन ग्राम था। वर्तमान में राजस्व ग्राम बनाया गया है, पर जो व्यक्ति पूर्व में काबिज थे वे 16 ग्रामीण आज भी काबिज है। बस्तर जिले के करपावंड वन परिक्षेत्र के अंतर्गत मोकागांव में हो रहे अतिक्रमण पर वन प्रबंधन समिति मोकागांव में 7 जून को बैठक आयोजित किया गया।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने 24 घरों में सर्वे कर 122 लोगों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले अंतर्गत दरभा ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र चिढ़पाल के अंतर्गत आने वाले जूनापानी पारा में सामान्य से अधिक उल्टी-दस्त प्रकरण मिलने पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार के प्रभारी आरएमए सुभाष राजवाड़े की नेतृत्व में किया गया, जिसे आज भी जारी रखा गया है। चिड़पाल उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी रविंद्र बघेल आरएचओ और पद्मिनी मौर्य एएनएम द्वारा जूनापानी पारा के सभी 24 घरों में सर्वे कार्य किया गया और 122 लोगों की जांच की, जिसमें कोई भी नया मरीज नहीं पाया गया। शुक्रवार को रेफर किए गए चारों मरीज का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में किया जा रहा है, उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है, उनका इलाज जारी है। बीएमओ दरभा डॉ. मंडावी के निर्देश पर जूनापानी पारा में सर्वे कर स्थिति पर निगरानी रखी जाएगी।

# संविलियन सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 5 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके रायपुर स्थित निवास पर सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं और छह सूत्रीय मांगों को विस्तारपूर्वक रखा। मुख्यमंत्री साय ने संघ की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे समस्त बिंदुओं की तत्काल समीक्षा कराएंगे तथा इस पर यथोचित एवं शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी पूछा कि ज्ञापन में सभी बिंदुओं का समुचित विवरण है अथवा नहीं, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष यादव ने अवगत कराया कि इस विषय में पूर्व में शिक्षा सचिव से भी विस्तृत चर्चा हो चुकी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी.लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411